संजय कुमार अग्रवाल
अध्यक्ष
Sanjay Kumar Agarwal
Chairman

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सत्यमेव जयते

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क
Government of India
Ministry of Finance
Department of Revenue
Central Board of Indirect Taxes & Customs

**08th January, 2024**

**DO No. 02/News Letter/CH(IC)/2024**

Dear Colleague,

I am pleased to inform that the Central Board of Indirect Taxes and Customs (CBIC) has recently launched its WhatsApp channel - 'CBIC India'. This initiative would greatly support our continued endeavour for taxpayers' information and facilitation. The CBIC is already actively engaging with various stakeholders through its own website and social media accounts on popular platforms such as X (previously known as 'Twitter'), Facebook, Instagram, YouTube, and Koo. Since WhatsApp is one of the most popular social media platforms in India, the presence of CBIC on WhatsApp channel will help in dissemination of information to a much larger audience. It is also worth noting that CBIC is one of the first Government Departments to establish its presence on WhatsApp Channels! As on date, there are about 7,500 followers of the CBIC Channel. I urge all of you to follow the channel for GST, Customs and Indirect tax related information.

Last week, the Passing Out Ceremony of the 73rd Batch of IRS (C&IT) Officers took place in NACIN Palasamudram Campus. The parade, comprising of 26 Officer Trainees including 9 lady officers, showcased the culmination of rigorous training, marking the officers' readiness to take on their roles in public service. These young officers, confidently displaying the spirit of e*spirit de corps* in their *kadam taal*, will be at the forefront of administering the Customs and Indirect taxes in the country.

At this juncture, I would remind the officers of the motto of the academy: "विद्या परमं बलम्" or *Knowledge is the Supreme Power* as this phrase holds significant importance for the newly trained officers. In the complex and dynamic field of customs and indirect taxes, staying abreast of changing regulations, trade practices, and global economic trends is crucial. A well-informed officer is better equipped to make sound decisions and contribute positively to the overall efficiency and integrity of the Department and uphold the principles of fairness and justice in their responsibilities.

North Block, New Delhi-110 001 Tel. : +91-11-23092849, 23092890 E-mail : sanjayk.agarwal@gov.in

During the event, medals were also bestowed upon the officers who demonstrated exceptional performance during their probationary period. My heartfelt congratulations to Shri Kankanala Anil Kumar for earning the FM and Chairman Gold Medal, Ms. Tanvi Soni for the Kaushalya Narayanan Memorial Gold Medal, Ms. Pooja Ashok Kadam for the Director General Gold Medal, and Ms. Selvavinodhini V for the N. K. Upadhyay Memorial Gold Medal.

It gives me immense pleasure to share that in 2023, CBIC was able to achieve highest number of disposals of vigilance cases. In 2023, we collectively disposed 524 disciplinary proceedings, improving on our previous all-time disposal record of 401 Final orders which were issued in 2022, by a healthy margin of 30%. In the month of December 2023 alone, CBIC collectively issued 87 Final orders – a record disposal. I convey my sincere appreciation for Pr DGoV, her team and the Disciplinary authorities in the field for this outstanding accomplishment. With these numbers, I am confident that this momentum and vigour displayed by you will continue this year as well so that CBIC achieves new heights in the field of vigilance administration.

Due to heavy rains over several districts of Tamil Nadu last month, normal functioning of the rain affected areas was severely disrupted. Recognizing the need to provide relief to the taxpayers in these areas, the GST Implementation Committee (GIC) approved the extension of due dates for filing GSTR-3B for the month of November 2023 as well as Annual Return for Financial Year 2022-23. Accordingly, the Notification No. 01/2024-Central Tax and 02/2024-Central Tax were issued by the CBIC last week. I hope this measure will provide the much needed relief to the taxpayers in these districts.

I would like to highlight an interesting case booked by the officers of Trichy Customs (Preventive) Commissionerate. On Specific intelligence, the officers of Central Intelligence Unit, Trichy along with officers of Customs Preventive Unit, Rameswaram intercepted two persons moving in bike near Thangachimadam Dargah Bus stop, Rameswaram. On seeing the officers, the bikers fled the scene leaving the bike at the spot. On thorough search and examination of the bike, gold weighing 7.70 Kgs valued at Rs. 4.85 Crore was recovered from the abandoned bike. Kudos to the team effort and vigilance displayed by the officers!

Till next week!

Yours sincerely,

**(Sanjay Kumar Agarwal)**

All Officers and Staff of the Central Board of Indirect Taxes & Customs.

संजय कुमार अग्रवाल
अध्यक्ष
Sanjay Kumar Agarwal
Chairman

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सत्यमेव जयते

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क
Government of India
Ministry of Finance
Department of Revenue
Central Board of Indirect Taxes & Customs

**08th January, 2024**

**DO No. 02/News Letter/CH(IC)/2024**

प्रिय सहकर्मी

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने हाल ही में अपना व्हाट्सएप चैनल - 'सीबीआईसी इंडिया' लॉन्च किया है। यह पहल करदाताओं की जानकारी और सुविधा के लिए हमारे निरंतर प्रयास का समर्थन करेगी। सीबीआईसी पहले से ही अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया में 'X' (जिसे पहले 'ट्विटर' के नाम से जाना जाता था), फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और KOO जैसे लोकप्रिय प्लेटफार्मों के माध्यम से विभिन्न हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहा है। चूंकि व्हाट्सएप भारत में सबसे लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफार्मों में से एक है, व्हाट्सएप चैनल पर सीबीआईसी की मौजूदगी से बहुत बड़े दर्शकों तक सूचना प्रसारित करने में मदद मिलेगी। यह भी ध्यान देने योग्य है कि सीबीआईसी व्हाट्सएप चैनलों पर अपनी उपस्थिति स्थापित करने वाले पहले सरकारी विभागों में से एक है। आज की तारीख में, सीबीआईसी चैनल के लगभग 7,500 अनुयायी हैं। मैं आप सभी से जीएसटी, सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर से संबंधित जानकारी के लिए चैनल का अनुसरण करने का आग्रह करता हूं।

पिछले हफ्ते, IRS(C&IT) अधिकारियों के 73वें बैच का पासिंग आउट समारोह NACIN पालासमुद्रम परिसर में हुआ था। परेड, जिसमें 9 महिला अधिकारियों सहित 26 अधिकारी प्रशिक्षु शामिल थे, ने कठोर प्रशिक्षण की पराकाष्ठा का प्रदर्शन किया, जो सार्वजनिक सेवा में अपनी भूमिका निभाने के लिए अधिकारियों की तत्परता को दर्शाता है। ये युवा अधिकारी, आत्मविश्वास से अपने कदम ताल में esprit de corps भावना का प्रदर्शन करते हुए, देश में सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष करों के प्रशासन में सबसे आगे रहेंगे।

इस समय, मैं अधिकारियों को अकादमी के आदर्श वाक्य की याद दिलाऊंगा: "विद्या परमं बलम्" अर्थात् ज्ञान सर्वोच्च शक्ति है क्योंकि यह वाक्यांश नए प्रशिक्षित अधिकारियों के लिए सर्वाधिक महत्व रखता है। सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष करों के जटिल और गतिशील क्षेत्र में, बदलते नियमों, व्यापार प्रथाओं और वैश्विक आर्थिक रुझानों से अवगत रहना महत्वपूर्ण है। एक अच्छी तरह से सूचित अधिकारी बेहतर निर्णय लेने और विभाग की समग्र दक्षता और अखंडता में सकारात्मक योगदान देने तथा अपनी जिम्मेदारियों में निष्पक्षता और न्याय के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए बेहतर ढंग से काबिल रहेगा ।

कार्यक्रम के अंतर्गत, प्रोबेशनरी अवधि के दौरान असाधारण प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को पदक भी प्रदान किए गए। वित् मंत्री और चेयरमैन स्वर्ण पदक अर्जित करने के लिए श्री कनकनाला अनिल कुमार, कौशल्या नारायणन मेमोरियल स्वर्ण पदक के लिए सुश्री तन्वी सोनी, महानिदेशक स्वर्ण पदक के लिए सुश्री पूजा अशोक कदम और एन.के. उपाध्याय स्मृति स्वर्ण पदक के लिए सुश्री सेल्वविनोधिनी वी को मेरी हार्दिक बधाई।

North Block, New Delhi-110 001 Tel. : +91-11-23092849, 23092890 E-mail : sanjayk.agarwal@gov.in

मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि 2023 में, सीबीआईसी सतर्कता मामलों का सबसे अधिक संख्या में निपटान करने में सक्षम रही। 2023 में, हमने सामूहिक रूप से 524 अनुशासनात्मक कार्यवाहियों का निपटारा किया, जिससे 2022 में जारी किए गए 401 अंतिम आदेशों के हमारे पिछले सर्वकालिक निपटान रिकॉर्ड में 30% के अच्छे अंतर से सुधार हुआ। अकेले दिसंबर 2023 के महीने में, सीबीआईसी ने सामूहिक रूप से 87 अंतिम आदेश जारी किए - एक रिकॉर्ड निपटान। मैं इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए Pr. DGoV, उनकी टीम और क्षेत्र के अनुशासनात्मक अधिकारियों की हार्दिक सराहना करता हूं। इन आंकड़ों के साथ, मुझे विश्वास है कि आपके द्वारा प्रदर्शित यह गति और जोश इस वर्ष भी जारी रहेगा ताकि सीबीआईसी सतर्कता प्रशासन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करे।

पिछले महीने तमिलनाडु के कई जिलों में भारी बारिश के कारण प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य कामकाज बुरी तरह बाधित हुआ था। इन क्षेत्रों में करदाताओं को राहत प्रदान करने की आवश्यकता को पहचानते हुए, जीएसटी कार्यान्वयन समिति (GIC) ने नवंबर 2023 महीने के लिए GSTR-3B के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए वार्षिक रिटर्न दाखिल करने की नियत तारीखों के विस्तार को मंजूरी दे दी। तदनुसार, पिछले सप्ताह सीबीआईसी द्वारा अधिसूचना संख्या 01/2024-केंद्रीय कर और 02/2024-केंद्रीय कर जारी किए गए थे। मुझे उम्मीद है कि इस उपाय से इन जिलों में करदाताओं को जरूरी राहत मिलेगी।

मैं त्रिची सीमा शुल्क (प्रिवेंटिव) आयुक्तालय के अधिकारियों द्वारा दर्ज किए गए एक दिलचस्प मामले पर प्रकाश डालना चाहूंगा। विशिष्ट खुफिया सूचना पर, सेंट्रल इंटेलिजेंस यूनिट, त्रिची के अधिकारियों ने कस्टम्स प्रिवेंटिव यूनिट, रामेश्वरम के अधिकारियों के साथ मिलकर थंगाचीमादम दरगाह बस स्टॉप, रामेश्वरम के पास बाइक से जा रहे दो व्यक्तियों को रोका। अधिकारियों को देख बाइक सवार बाइक मौके पर ही छोड़कर भाग निकले। लावारिस बाइक की सघन तलाशी और जांच करने पर 7.70 किलोग्राम सोना निकला, जिसकी कीमत करीब 4.85 करोड़ रूपए है। अधिकारियों द्वारा प्रदर्शित टीम प्रयास और सतर्कता को मेरी ओर से बधाई।

अगले सप्ताह तक ।

भवदीय,

संजय कुमार

**(संजय कुमार अग्रवाल)**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के सभी अधिकारी और कर्मचारीगण।